लोक सभा

समाचार - भाग 1
(कार्यवाही का संक्षिप्त वृतांत)

सोमवार, 14 सितम्बर, 2020/23 भाद्रपद, 1942 (शक)

संख्या 81

पूर्वाहन 9.00 बजे

1. राष्ट्रगान

राष्ट्रगान की धुन बजाई गई।

पूर्वाहन 9.02 बजे

2. **निधन संबंधी उल्लेख**

अध्यक्ष ने श्री प्रणब मुखर्जी, भारत के पूर्व राष्ट्रपति , भारत रत्न से सम्मानित और चौदहवीं और पंद्रहवीं लोक सभा के सदस्य निधन के संबंध में उल्लेख किया।

अध्यक्ष ने आगे श्री एच. वसंतकुमार, लोक सभा के वर्तमान सदस्य; पंडित जसराज, सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक; श्री गुरदास सिंह बादल, सदस्य, पांचवीं लोक सभा; डॉ. नेपाल सिंह, सदस्य, सोलहवीं लोक सभा; श्री अजीत जोगी, सदस्य, बारहवीं और चौदहवीं लोक सभा; श्री पी. नामग्याल, सदस्य, सातवीं, आठवीं और ग्यारहवीं लोक सभा; श्री पारसनाथ यादव, सदस्य, बारहवीं और चौदहवीं लोक सभा; श्री माधव राव पाटिल, सदस्य, बारहवीं लोक सभा; श्री हरिभाऊ माधव जावले, सदस्य, चौदहवीं और पंद्रहवीं लोक सभा; श्रीमती सरोज दूबे, सदस्य, दसवीं लोक सभा; श्री लालजी टंडन, सदस्य, पंद्रहवीं लोक सभा; श्रीमती कमल रानी, सदस्य, ग्यारहवीं और बारहवीं लोक सभा; श्री चेतन चौहान, सदस्य, दसवीं और बारहवीं लोक सभा; श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल, सदस्य, चौदहवीं लोक सभा; और डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह, सदस्य, ग्यारहवीं से पन्द्रहवीं लोक सभा के निधन का उल्लेख किया।

अध्यक्ष ने सभा की ओर से सशस्त्र बलों, अर्द्धसैनिक बलों के कर्मियों, पुलिसकर्मियों और कोरोना योद्धाओं को भी श्रद्धांजलि दी।

तत्पश्चात सदस्यगण दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़े रहे।

(लोक सभा पूर्वाह्न 9.17 बजे स्थगित हुई और पूर्वाह्न 10.18 बजे पुनः समवेत हुई।)

पूर्वाह्न 10.18 बजे

3. अध्यक्ष द्वारा टिप्पणी

अध्यक्ष ने बैठने की व्यवस्था के बारे में नियम 2 तथा 384 के अंतर्गत टिप्पणी* की।

पूर्वाह्न 10.30 बजे

4. सभा के कार्य के संबंध में प्रस्ताव

श्री प्रहलाद जोशी ने निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किया:-

"इस बात को ध्यान में रखते हुए कि लोक सभा का वर्तमान सत्र कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण असाधारण परिस्थितियों में संचालित किया जा रहा है, जिसके लिए सुरक्षित दूरी बनाये रखने एवं संसद परिसर के भीतर सरकारी अधिकारियों एवं अन्य की आवाजाही को कम-से-कम रखे जाने की आवश्यकता है, यह सभा संकल्प करती है कि तारांकित प्रश्नों और गैर-सरकारी सदस्यों के कार्य को सत्र के दौरान सभा के कार्य के लिए सभा के समक्ष न लाया जाये एवं लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियम में इन विषयों संबंधी सभी सुसंगत नियमों को एतद्द्वारा उस सीमा तक निलंबित किया जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

---

* मूलतः हिन्दी में। विवरण के लिए इस दिन का वाद-विवाद देखें।

पूर्वाह्न 10.48 बजे

5. [&]अध्यक्ष द्वारा घोषणा

अध्यक्ष ने घोषणा की कि कोविड-19 की विद्यमान स्थिति के कारण संसदीय कार्य मंत्री ने संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री को सभी मंत्रियों की ओर से सभा पटल पर पत्र रखे जाने के लिए अनुमति देने हेतु अनुरोध किया है और उन्होंने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है।

पूर्वाह्न 10.49 बजे

6. सभा पटल पर रखे गए पत्र

श्री अर्जुन राम मेघवाल (संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री) ने श्रीमती निर्मला सीतारमण (वित्त मंत्री; तथा कारपोरेट कार्य मंत्री) की ओर से बैंककारी विनियमन (संशोधन) अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 12) के प्रख्यापन द्वारा तत्काल विधान बनाने के कारणों को दर्शाने वाला एक व्याख्यात्मक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

श्री अर्जुन राम मेघवाल (संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री) ने संविधान के अनुच्छेद 123 (2)(क) के अंतर्गत निम्नलिखित अध्यादेशों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखीः-

(1) राष्ट्रपति द्वारा 31 मार्च 2020 को प्रख्यापित कराधान और अन्य विधि (कतिपय उपबंधों में छूट देना) अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 2)।

(2) राष्ट्रपति द्वारा 7 अप्रैल 2020 को प्रख्यापित संसद सदस्य वेतन, भत्ता और पेंशन (संशोधन) अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 3)।

(3) राष्ट्रपति द्वारा 9 अप्रैल 2020 को प्रख्यापित मंत्रियों के संबलम और भत्ते (संशोधन) अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 4)।

(4) राष्ट्रपति द्वारा 22 अप्रैल 2020 को प्रख्यापित महामारी (संशोधन) अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 5)।

(5) राष्ट्रपति द्वारा 24 अप्रैल 2020 को प्रख्यापित होम्योपैथी केन्द्रीय परिषद (संशोधन) अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 6) ।

[&] मूलतः हिन्दी में। विवरण के लिए इस दिन का वाद-विवाद देखें।

(6) राष्ट्रपति द्वारा 24 अप्रैल 2020 को प्रख्यापित भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद (संशोधन) अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 7)।

(7) राष्ट्रपति द्वारा 5 जून 2020 को प्रख्यापित आवश्यक वस्तु (संशोधन) अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 8)।

(8) राष्ट्रपति द्वारा 5 जून 2020 को प्रख्यापित दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 9)।

(9) राष्ट्रपति द्वारा 5 जून 2020 को प्रख्यापित कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्द्धन और सरलीकरण) अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 10)।

(10) राष्ट्रपति द्वारा 5 जून 2020 को प्रख्यापित कृषक (सशक्तीकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 11)।

(11) राष्ट्रपति द्वारा 26 जून 2020 को प्रख्यापित बैंककारी विनियमन (संशोधन) अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 12)।

7. प्रश्न

चूंकि वर्तमान सत्र अर्थात 17वीं लोक सभा के चौथे सत्र में तारांकित प्रश्नों की सूची की व्यवस्था को समाप्त किया गया है इसलिए अतारांकित प्रश्न संख्या 1-230 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

***पूर्वाह्न 11.30 बजे**

8. मंत्री द्वारा वक्तव्य

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री; विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री; तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (डॉ. हर्षवर्धन) ने कोविड महामारी और भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में एक वक्तव्य दिया।

पूर्वाह्न 11.44 बजे

9. अनुदानों की अनुपूरक मांगें

श्रीमती निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2020-2021 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगें - पहला बैच को दर्शाने वाला एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

---

* पूर्वाह्न 10.50 बजे से 11.29 बजे तक सदस्यों ने अविलंबनीय लोक महत्व के मामले उठाए।

10.अतिरिक्त अनुदानों की मांगें

श्रीमती निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2016-2017 के लिए अतिरिक्त अनुदानों की मांगों को दर्शाने वाला एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

पूर्वाह्न 11.45 बजे

11. सरकारी विधेयक - वापस लिया गया

[*]बैंककारी विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2020 (2020 का विधेयक संख्यांक 56)

श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन ने विधेयक को वापस लिए जाने का विरोध किया।

वित्त मंत्री तथा कारपोरेट कार्य मंत्री ने सदस्य द्वारा पूछे गए स्पष्टीकारक प्रश्नों के उत्तर दिए।

12. सरकारी विधेयक - पुरःस्थापित

संसद सदस्य वेतन, भत्ता और पेंशन (संशोधन) विधेयक, 2020

13. अध्यादेश के बारे में विवरण - सभा पटल पर रखा गया

संसद सदस्य वेतन, भत्ता और पेंशन (संशोधन) अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 3) के प्रख्यापन द्वारा तत्काल विधान बनाए जाने के कारणों को दर्शाने वाला व्याख्यात्मक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा गया।

14. सरकारी विधेयक - पुरःस्थापित

(एक) आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक, 2020

श्री अधीर रंजन चौधरी, श्री गौरव गोगोई और प्रो. सौगत राय ने विधेयक के पुरःस्थापन का विरोध किया और मंत्री से स्पष्टीकरण मांगा।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दानवे रावसाहेब दादाराव) ने उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री राम विलास पासवान) की ओर से सदस्यों द्वारा पूछे गए स्पष्टीकारक प्रश्नों के उत्तर दिए।

तत्पश्चात, प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पुरःस्थापित किया गया।

---

[*] विधेयक 03.03.2020 को पुरःस्थापित किया गया था। विधेयक को वापस लिए जाने के कारणों को समाविष्ट करने वाला एक विवरण 12.09.2020 (प्रातः) को सदस्यों को परिचालित किया गया है।

(दो) ***समर्थित प्रजनन प्रौद्योगिकी (विनियमन) विधेयक, 2020***

डॉ. शशि थरूर ने विधेयक के पुरःस्थापन का विरोध किया और मंत्री से स्पष्टीकरण मांगा।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री; विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री; तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (डॉ. हर्षवर्धन) ने सदस्य द्वारा पूछे गए स्पष्टीकारक प्रश्नों के उत्तर दिए।

तत्पश्चात, प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पुरःस्थापित किया गया।

(तीन) अर्हित वित्तीय संविदा द्विपक्षीय नेटिंग विधेयक, 2020

(चार) कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) विधेयक, 2020

श्री अधीर रंजन चौधरी, प्रो. सौगत राय, श्री गौरव गोगोई और श्री संतोख सिंह चौधरी ने विधेयक के पुरःस्थापन का विरोध किया और मंत्री से स्पष्टीकरण मांगा।

कृषि और किसान कल्याण मंत्री; ग्रामीण विकास मंत्री; तथा पंचायती राज मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर) ने सदस्यों द्वारा पूछे गए स्पष्टीकरण प्रश्नों के उत्तर दिए।

तत्पश्चात, प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पुरःस्थापित किया गया।

15. अध्यादेश के बारे में विवरण - सभा पटल पर रखा गया

कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 10) के प्रख्यापन द्वारा तत्काल विधान बनाए जाने के कारणों को दर्शाने वाला व्याख्यात्मक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा गया।

16. सरकारी विधेयक - पुरःस्थापित

कृषक (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार विधेयक, 2020

श्री अधीर रंजन चौधरी, प्रो. सौगत राय, डॉ. शशि थरूर, श्री गौरव गोगोई और श्री संतोख सिंह चौधरी ने विधेयक के पुरःस्थापन का विरोध किया।

कृषि और किसान कल्याण मंत्री; ग्रामीण विकास मंत्री; तथा पंचायती राज मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर) ने सदस्यों द्वारा पूछे गए स्पष्टीकरण प्रश्नों के उत्तर दिए।

तत्पश्चात, प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पुरःस्थापित किया गया।

17. अध्यादेश के बारे में विवरण - सभा पटल पर रखा गया

कृषक (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 11) के प्रख्यापन द्वारा तत्काल विधान बनाए जाने के कारणों को दर्शाने वाला व्याख्यात्मक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा गया।

18. सरकारी विधेयक - पुरःस्थापित

(एक) फेक्टरिंग विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2020

(दो) बैंककारी विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2020

प्रो. सौगत राय और डॉ. शशि थरूर ने विधेयक के पुरःस्थापन का विरोध किया और मंत्री से स्पष्टीकरण मांगा।

वित्त मंत्री; तथा कारपोरेट कार्य मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारमण) ने सदस्यों द्वारा पूछे गए स्पष्टीकारक प्रश्नों के उत्तर दिए।

तत्पश्चात, प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पुरःस्थापित किया गया।

अपराह्न 12.41 बजे

19. नियम 377 के अधीन मामले

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे-

(1) श्री राजू बिष्ट द्वारा शेष बचे गोरखा उप-जनजातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्रदान किए जाने के बारे में ।

(2) श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल द्वारा एनसीईआरटी के इतिहास की पाठ्य-पुस्तकों की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(3) डॉ. उमेश जी. जाधव द्वारा कलबुर्गी में कौशल विकास विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने के बारे में।

(4) डॉ. वीरन्द्र कुमार द्वारा मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में एक रेल कोच फैक्ट्री की स्थापना किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(5) श्री संगम लाल गुप्ता द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 96 और राष्ट्रीय राजमार्ग 231 को जोड़ने वाली चार लेन की बाई पास रोड का निर्माण किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(6) श्री नायब सिंह द्वारा हरियाणा के कुरुक्षेत्र शहर में ट्रैफिक संबंधी समस्या को कम करने के लिए एक रिंग रोड का निर्माण किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(7) डॉ.(प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी द्वारा भूमिहीन और सीमांत किसानों के कल्याण हेतु उपाय किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(8) श्री अरूण साव द्वारा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में घोंगा (कोरी) बांध से सटे भू-भाग पर पक्षी अभ्यारण्य विकसित किए जाने के बारे में।

(9) श्री उन्मेश भैय्या बी. साहेब पाटिल द्वारा 93 किलोमीटर की औरंगाबाद-चालीसगांव रेलवे लाइन का दूसरा सर्वेक्षण कराए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(10) श्रीमती दिया कुमारी द्वारा माल एवं सेवा कर के संबंध में करदाताओं की चिंताओं के बारे में।

(11) श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा दिल्ली के उत्तर-पूर्व दिल्ली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में दो महाविद्यालयों की स्थापना किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(12) श्री एल. एस. तेजस्वी सूर्या द्वारा देश में इंडियन वेंचर कैपिटलिस्ट्स से स्टार्टअप्स में निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु नीति बनाए जाने की आवश्यककता के बारे में।

(13) श्री शान्तनु ठाकुर द्वारा पश्चिम बंगाल के बनगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की आवश्यकता क बारे में।

(14) श्री जॉन बर्ला द्वारा पश्चिम बंगाल के गोरखा और जनजातीय समुदायों की कतिपय जातियों को अनुसूचित/अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(15) श्री दुष्यंत सिंह द्वारा राजस्थान के बरान जिले में अवैध बजरी खनन के बारे में।

(16) श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल द्वारा मध्य प्रदेश के खरगौन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में रेल सुविधा मुहैया कराए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(17) श्री जसबीर सिंह गिल द्वारा सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के कार्यकरण के बारे में।

(18) श्री गौरव गोगोई द्वारा असम में नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों की हुई मौत की न्यायिक जांच कराए जाने के बारे में।

(19) श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी द्वारा तेलंगाना में कोविड-19 की स्थिति के प्रबंधन से संबंधित विशेष जांच दल और न्यायिक जांच समिति के बारे में।

(20) श्री वी. कलानिधि द्वारा उत्तर चेन्नई में एक केंद्रीय विद्यालय खोले जाने के बारे में।

(21) श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू द्वारा सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों की बकाया राशि का भुगतान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(22) श्री कौशलेन्द्र कुमार द्वारा बिहार के प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के ग्रंथालय का पुनर्निर्माण किए जाने के बारे में।

(23) श्री भर्तृहरि महताब द्वारा ओडिशा के कटक में अमृत योजना के अंतर्गत परियोजना के अनुमोदन के बारे में।

(24) श्री मलूक नागर द्वारा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास में गुर्जर एवं अन्य पिछड़े समुदायों के लोगों को शामिल किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(25) श्रीमती सुप्रिया सुले द्वारा कोविड-19 महामारी को देखते हुए ऑनलाइन शिक्षा पर सरकारी व्यय में वृद्धि किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(26) श्री (एडवोकेट) ए.एम. आरिफ़ द्वारा कोविड-19 महामारी के पीड़ितों के लिए राहत उपाय किए जाने के बारे में।

अपराह्न 12.42 बजे

20. सरकारी विधेयक - पारित

(एक)# ***राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग विधेयक, 2020, राज्य सभा द्वारा यथापारित***

(दो)# राष्ट्रीय भारतीय आयुर्विज्ञान प्रणाली आयोग विधेयक, 2020, राज्य सभा द्वारा यथापारित

लिया गया समय - 33 मिनट

(एक) राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग विधेयक, 2020, राज्य सभा दवारा यथापारित और (दो) राष्ट्रीय भारतीय आयुर्विज्ञान प्रणाली आयोग विधेयक, 2020 पर विचार किए जाने के प्रस्ताव डॉ. हर्ष वर्धन द्वारा श्री श्रीपाद येसो नाईक की ओर से पेश किए गए।

अध्यक्ष ने एक विशेष मामले के रूप में दोनों विधेयकों को पारित करने और भाषणों को सभा पटल पर रखे जाने के बारे में एक टिप्पणी% की।

निम्नलिखित सदस्यों ने सम्मिलित वाद-विवाद में भाग लियाः-

1. डॉ. शशि थरूर
2. डॉ. प्रतिमा मण्डल
3. *श्रीमती सुप्रिया सुले
4. श्री अरविन्द गणपत सावंत
5. *श्री भर्तृहरि महताब
6. *श्रीमती अनुप्रिया पटेल

एकसाथ चर्चा की गई।

%मूलतः हिन्दी में। विवरण के लिए इस दिन का वाद-विवाद देखें।

*लिखित भाषण सभा पटल पर रखे गए।

7. *श्री सय्यद ईमत्याज ज़लील

8. *श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन

9. *डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती

10. *श्री जयदेव गल्ला

11. *श्री ई.टी. मोहम्मद बशीर

12. *श्री कोडिकुन्नील सुरेश

13. *श्री जगदम्बिका पाल

14. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी

15. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी

16. *डॉ. सुभाष सरकार

17. *श्री उमेश जाधव

18. *डॉ. मोहम्मद जावेद

(एक) राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग विधेयक, 2020, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पर विचार किए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पर खण्डवार विचार आरंभ हुआ।

खण्ड 2 से 59 स्वीकृत हुए।

खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

---

* लिखित भाषण सभा पटल पर रखे गए।

डॉ. हर्ष वर्धन द्वारा राज्य सभा द्वारा यथापारित विधेयक को पारित करने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित किया गया।

(दो) राष्ट्रीय भारतीय आयुर्विज्ञान प्रणाली आयोग विधेयक, 2020, राज्य सभा दवारा यथापारित, पर विचार किए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पर खण्डवार विचार आरंभ हुआ।

खण्ड 2 से 59 स्वीकृत हुए।

खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

डॉ. हर्ष वर्धन द्वारा राज्य सभा द्वारा यथापारित विधेयक को पारित करने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित किया गया।

अपराह्न 1.15 बजे

(लोक सभा मंगलवार, 15 सितम्बर, 2020 के अपराह्न 3.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

स्नेहलता श्रीवास्तव
महासचिव

लोक सभा

समाचार - भाग 1

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृतांत)

मंगलवार, 15 सितम्बर, 2020/24 भाद्रपद, 1942 (शक)

संख्या 82

अपराहन 3.03 बजे

1. **सभा पटल पर रखे गए पत्र**

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री गिरिराज सिंह की ओर से वर्ष 2020-2021 के लिए मत्स्यपालन और जलीयकृषि अवसंरचना विकास के लिए आउटपुट आउटकम मॉनिटरिंग फ्रेमवर्क की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने पोत परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मनसुख मांडविया) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कार्पोरेशन लिमिटेड, डिब्रूगढ़ के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कार्पोरेशन लिमिटेड, डिब्रूगढ़ का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(क) (एक) तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड, तुंगभद्रा बांध के वर्ष 2017-2018 और 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड, तुंगभद्रा बांध का वर्ष 2017-2018 और 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ख) (एक) राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रयूमेंट्स लिमिटेड, जयपुर के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रयूमेंट्स लिमिटेड, जयपुर का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ग) (एक) सीमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) सीमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले चार विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दानवे रावसाहेब दादाराव) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 2016 की धारा 40 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) भारतीय मानक ब्यूरो (संशोधन) नियम 2020 जो 18 फरवरी, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 125(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) भारतीय मानक ब्यूरो (अनुरूपता निर्धारण) संशोधन विनियम, 2020 जो 21 फरवरी, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एफ. सं. बीएस/11/11/2020 में प्रकाशित हुए थे।

(2) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप-धारा (6) के अंतर्गत आवश्यक वस्तु आदेश, 2020, जो 13 मार्च, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ. 1087 (अ) में प्रकाशित हुआ था, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी.किशन रेड्डी) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) संघ राज्यक्षेत्र चण्डीगढ़ पर यथालागू पंजाब गैर-सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्था फीस विनियमन अधिनियम, 2016 [2016 का पंजाब अधिनियम सं. (1)] की धारा 23 के अंतर्गत चण्डीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र गैर-सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्था फीस विनियमन नियम, 2019 जो 30 अगस्त, 2019 (अंग्रेजी संस्करण में) और 7 अगस्त, 2019 (हिन्दी संस्करण में) के चण्डीगढ़ प्रशासन के राजपत्र में अधिसूचना संख्या डीएसई-यूटी-ए4-24(8)2013 में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क के अंतर्गत दिल्ली पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2007-2008 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क के अंतर्गत दिल्ली पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2008-2009 से 2013-2014 तक के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे और उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(6) उपर्युक्त (5) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले छह विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(7) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत दिल्ली पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2014-2015 से 2018-2019 तक के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे और उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(8) उपर्युक्त (7) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले पांच विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(9) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 394 की उप-धारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) चण्डीगढ़ इंडस्ट्रियल एण्ड टूरिज्म डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, चण्डीगढ़ के वर्ष 2017-2018 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) चण्डीगढ़ इंडस्ट्रियल एण्ड टूरिज्म डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, चण्डीगढ़ का वर्ष 2017-2018 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां।

(10) उपर्युक्त (9) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(11) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) और उन पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन।

(12) उपर्युक्त (11) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(13) मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 40 की उप-धारा (3) के अंतर्गत राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों के वेतन, भत्ते तथा सेवा-शर्तें) नियम, 2020, जो 29 जुलाई, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 473 (अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री परषोत्तम रूपाला) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) (एक) स्मॉल फार्मर्स एग्री-बिजनेस कॉन्सर्टियम, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) और लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) स्मॉल फार्मर्स एग्री-बिजनेस कॉन्सर्टियम, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) आंध्र प्रदेश स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, हैदराबाद के वर्ष 2017-2018 और 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) आंध्र प्रदेश स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, हैदराबाद के वर्ष 2017-2018 और 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले दो विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) कृषक (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 11) के अंतर्गत कृषक कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार (विवाद समाधान) नियम, 2020, जो 20 जुलाई, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 456 (अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (साध्वी निरंजन ज्योति) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) (एक) नेशनल रूरल लाइवलीहुड्स प्रमोशन सोसायटी, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) और लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नेशनल रूरल लाइवलीहुड्स प्रमोशन सोसायटी, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) शेयर बाजार घोटाला और तत्संबंधी विषयों संबंधी संयुक्त संसदीय समिति, जून, 2020 की सिफारिशों के अनुसरण में की-गई-कार्रवाई संबंधी 34वें प्रगति प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) राज्यवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम, 2003 की धारा 7 की उप-धारा (1) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-2020 के अंत में बजट के संबंध में प्राप्तियों और व्यय के रूझान की अर्ध वार्षिक समीक्षा और उक्त अधिनियम के अंतर्गत सरकार के दायित्वों को पूरा करने में विचलन को स्पष्ट करने वाले विवरण की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अधिनियम, 1949 की धारा 18 की उप-धारा (3) के अंतर्गत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, उप-निरीक्षक (स्टाफ नर्स) समूह 'ख' (कम्बैटाइज्ड पैरा-मेडिकल पद), भर्ती नियम, 2019, जो 7 जनवरी, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 15(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) विदेशियों विषयक अधिनियम, 1946 की धारा 3क की उप-धारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) का.आ. 927 (अ), जो 2 मार्च, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा सभी वर्गों के यात्रियों के लिए वैध यात्रा दस्तावेजों के साथ भारत में प्रवेश/से निकासी के लिए प्राधिकृत भूमि आप्रवास चेक पोस्ट के रूप में त्रिपुरा राज्य के पश्चिमी त्रिपुरा जिले की अगरतला भूमि चेक पोस्ट को अभिहित किया गया है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) का.आ. 928 (अ), जो 2 मार्च, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 02.03.2020 से त्रिपुरा राज्य के पश्चिमी त्रिपुरा जिले स्थित अगरतला भूमि आप्रवास चेक पोस्ट के लिए उक्त आदेश के प्रयोजनार्थ "सिविल प्राधिकारी" के रूप में वरिष्ठ आप्रवास अधिकारी (आप्रवास ब्यूरो) को नियुक्त किया गया है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) का.आ. 929 (अ), जो 2 मार्च, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा सभी वर्गों के यात्रियों के लिए वैध यात्रा दस्तावेजों के साथ भारत में प्रवेश/से निकासी के लिए प्राधिकृत आप्रवास चेक पोस्ट के रूप में पश्चिम बंगाल राज्य के उत्तरी 24 परगना जिले की घोजदंगा भूमि चेक पोस्ट को अभिहित किया गया है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) का.आ. 930 (अ), जो 2 मार्च, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 02.03.2020 से पश्चिम बंगाल राज्य के उत्तरी 24 परगना जिले में स्थित घोजदंगा भूमि आप्रवास चेक पोस्ट के लिए उक्त आदेश के प्रयोजनार्थ "सिविल प्राधिकारी" के रूप में वरिष्ठ आप्रवास अधिकारी (आप्रवास ब्यूरो) को नियुक्त किया गया है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

3. केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 की धारा 22 की उप-धारा (3) के अंतर्गत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा पुलिस बल, अपर महानिदेशक, भर्ती नियम 2020, जो 30 जून, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 422(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

2. प्रश्न

चूंकि वर्तमान सत्र अर्थात 17वीं लोक सभा के चौथे सत्र में तारांकित प्रश्नों की सूची की व्यवस्था को समाप्त किया गया है इसलिए अतारांकित प्रश्न संख्या 231-460 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

3. विधेयकों पर अनुमति

(एक) महासचिव ने 3 फरवरी, 2020 को सभा को प्रस्तुत पिछले प्रतिवेदन के पश्चात् 17वीं लोक सभा के तीसरे सत्र के दौरान संसद की दोनों सभाओं द्वारा पारित तथा राष्ट्रपति से अनुमति प्राप्त निम्नलिखित 9 विधेयकों को सभा पटल पर रखाः-

(1) प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास विधेयक, 2020;
(2) केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय विधेयक, 2020;
(3) विनियोग विधेयक, 2020;
(4) विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2020;
(5) जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक, 2020;
(6) जम्मू और कश्मीर विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2020;
(7) जम्मू और कश्मीर विनियोग (संख्यांक 3) विधेयक, 2020;
(8) जम्मू और कश्मीर विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2020 और
(9) वित्त विधेयक, 2020 ।

(दो) महासचिव ने संसद की दोनों सभाओं द्वारा पारित तथा राष्ट्रपति से अनुमति प्राप्त निम्नलिखित 3 विधेयकों की महासचिव, राज्य सभा द्वारा विधिवत अभिप्रमाणित एक-एक प्रति भी सभा पटल पर रखी-

(1) दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2020;
(2) खनिज विधियां (संशोधन) विधेयक, 2020; और
(3) संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2020 ।

&4. **श्रम संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन**

महासचिव ने श्रम संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदनों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) को सभा पटल पर रखाः-

(1) श्रम और रोजगार मंत्रालय से संबंधित 'औद्योगिक संबंध संहिता, 2019' संबंधी आठवां प्रतिवेदन*

(2) श्रम और रोजगार मंत्रालय से संबंधित 'सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2019' संबंधी नौवां प्रतिवेदन$

अपराह्न 3.05 बजे

5. मंत्री द्वारा वक्तव्य

रक्षा मंत्री (श्री राजनाथ सिंह) ने "लद्दाख में हमारी सीमाओं पर घटनाक्रम" के बारे में एक वक्तव्य दिया।

6. अध्यक्ष द्वारा टिप्पणी

सदस्यों ने लद्दाख में हमारी सीमाओं पर घटनाक्रम के बारे में रक्षा मंत्री के वक्तव्य पर स्पष्टीकारक प्रश्न पूछे।

तत्पश्चात् अध्यक्ष ने टिप्पणी की कि लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियम के नियम 372 के अनुसार किसी मंत्री द्वारा वक्तव्य दिए जाने के पश्चात् स्पष्टीकारक प्रश्न पूछने की अनुमति नहीं होती है।

& अपराह्न 3.26 बजे रखे गए।

* प्रतिवेदन को अध्यक्ष, लोक सभा के निदेश के निदेश 71क के अंतर्गत 23 अप्रैल, 2020 को, जब सभा का सत्र नहीं चल रहा था, माननीय अध्यक्ष (17वीं लोक सभा) को प्रस्तुत किया गया तथा अध्यक्ष ने लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियम के नियम 280 के अंतर्गत प्रतिवेदन के मुद्रण, प्रकाशन और परिचालन की अनुमति दी।

$ प्रतिवेदन को अध्यक्ष, लोक सभा के निदेश के निदेश 71क के अंतर्गत 31 जुलाई, 2020 को, जब सभा का सत्र नहीं चल रहा था, माननीय अध्यक्ष (17वीं लोक सभा) को प्रस्तुत किया गया तथा माननीय अध्यक्ष ने लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियम के नियम 280 के अंतर्गत प्रतिवेदन के मुद्रण, प्रकाशन और परिचालन की अनुमति दी।

7. मंत्रियों द्वारा वक्तव्य

(1) वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर) ने वित्त मंत्री; तथा कारपोरेट कार्य मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारमण) की ओर से आर्थिक मामले, व्यय, वित्तीय सेवाएं विभाग तथा निवेश और लोक आस्ति प्रबंधन विभाग, वित्त मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2019-20) के बारे में वित्त संबंधी स्थायी समिति के पहले प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

(2) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कैलाश चौधरी) ने कृषि और किसान कल्याण मंत्री; ग्रामीण विकास मंत्री; तथा पंचायती राज मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर) की ओर से कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय से संबंधित 'अनुदानों की मांगों' (2019-20) के बारे में कृषि संबंधी स्थायी समिति के तीसरे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

(3) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कैलाश चौधरी) ने कृषि और किसान कल्याण मंत्री; ग्रामीण विकास मंत्री; तथा पंचायती राज मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर) की ओर से कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय से संबंधित 'अनुदानों की मांगों' (2020-21) के बारे में कृषि संबंधी स्थायी समिति के 10वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

(4) गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी) ने गृह मंत्रालय से संबंधित 'दिल्ली में बिगड़ती हुई यातायात स्थिति का प्रबंधन' के बारे में गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति के 222वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

(5)[%] महिला और बाल विकास मंत्री; तथा वस्त्र मंत्री श्रीमती स्मृति ज़ूबिन ईरानी ने गर्भवती महिला के लिए डाइट चार्ट योजना के बारे में एक वक्तव्य दिया।

8. लाभ के पदों संबंधी संयुक्त समिति के बारे में प्रस्ताव

श्री श्याम सिंह यादव ने निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किया:-

"कि यह सभा राज्य सभा से सिफारिश करती है कि राज्य सभा, एकल संक्रमणीय मत द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार राज्य सभा से डॉ. के. केशव राव की सेवानिवृत्ति के कारण उत्पन्न हुए रिक्त स्थान पर राज्य सभा के एक सदस्य को लाभ के पदों संबंधी स्थायी समिति के लिए निर्वाचित करे और राज्य सभा द्वारा संयुक्त समिति के लिए इस प्रकार निर्वाचित सदस्य का नाम इस सभा को सूचित करे।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

[%] अपराह्न 4.07 बजे दिया गया। विवरण के लिए इस दिन का वाद-विवाद देखें।

9. **राष्ट्रीय जूट बोर्ड के लिए दो सदस्यों के निर्वाचन हेतु प्रस्ताव**

श्रीमती स्मृति जूबिन ईरानी ने निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किया:-

" कि राष्ट्रीय जूट बोर्ड नियम, 2010 के नियम 5 के साथ पठित राष्ट्रीय जूट बोर्ड अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उप-धारा 4 के खंड (ख) के अनुसरण में, इस सभा के सदस्य, ऐसे रीति से जैसा कि अध्यक्ष निदेश दें, उक्त अधिनियम के अन्य उपबंधों तथा उसके अधीन बनाये गये नियमों के अध्यधीन राष्ट्रीय जूट बोर्ड के सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से दो सदस्य निर्वाचित करें।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

10. रबड़ बोर्ड के लिए दो सदस्यों के निर्वाचन हेतु प्रस्ताव

श्री हरदीप एस. पुरी ने निम्नलिखित प्रस्ताव किया :-

"कि रबड़ नियम, 1955 के नियम 4(1) के साथ पठित रबड़ अधिनियम, 1947 की धारा 4 की उप-धारा (3) के खंड (ड.) के अनुसरण में, इस सभा के सदस्य, ऐसे रीति से जैसा कि अध्यक्ष निदेश दें, उक्त अधिनियम के अन्य उपबंधों तथा उसके अधीन बनाये गये नियमों के अध्यधीन रबड़ बोर्ड के सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से दो सदस्य निर्वाचित करें।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

***अपराहन 4.14 बजे**

11. नियम 377 के अधीन मामले

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे-

(1) श्री सुमेधानन्द सरस्वती द्वारा सीकर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, राजस्थान में सरकारी खरीद केंद्रों पर कृषि उपज की पूर्ण खरीद सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(2) श्री अशोक कुमार रावत द्वारा उत्तर प्रदेश के मिश्रिख संसदीय निर्वाचन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एनटीपीसी द्वारा सौर ऊर्जा संयंत्र का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुसार समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(3) श्री जगदम्बिका पाल द्वारा राष्ट्रीय संग्रहालय, दिल्ली में रखे गए बुद्ध के एक अस्थि कलश को उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर जिले के पिपरहवा राष्ट्रीय संग्रहालय में स्थानान्तरित किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(4) श्री मनोज कोटक द्वारा मुम्बई उपनगरीय रेल नेटवर्क में 15 कोच वाली लोकल ट्रेनें चलाए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

----

*अपराहन 3.33 बजे से अपराहन 4.14 बजे तक सदस्यों ने अविलंबनीय लोक महत्व के मामले उठाए।

(5) श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा राजस्थान के उदयपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी जनजातीय परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ दिए जाने की आवश्यकता के बारे ।

(6) श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया द्वारा राजस्थान के भीलवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में केंद्रीय सड़क निधि से एमडीआर-56 के निर्माण को पूरा किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(7) श्री चन्द्र प्रकाश जोशी द्वारा राजस्थान के चितौड़गढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रतापगढ़ जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(8) श्रीमती अन्नपुर्णा देवी द्वारा दामोदर वैली कॉरपोरेशन के तिलैया डैम के कारण विस्थापित लोगों को जमीन का मालिकाना हक दिए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(9) श्री धर्मवीर सिंह द्वारा हरियाणा के भिवानी-महेन्द्रगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कपास और मूंग का उत्पादन करने वाले किसानों को कम बारिश और कीटों से हुए नुकसान के एवज में मुआवजा दिए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(10) श्री देवजी एम. पटेल द्वारा राजस्थान के सिरोही जिले से हवाई सेवा शुरू किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(11) श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह द्वारा उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में देहरादून स्टेशन और कालसी के बीच रेल लाइन बिछाए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(12) श्री पंकज चौधरी द्वारा उत्तर प्रदेश के महराजगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक केंद्रीय विद्यालय स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(13) डॉ निशिकांत दुबे द्वारा देवघर-पीरपैंती वाया गोड्डा रेल लाइन का निर्माण किए जाने के बारे में ।

(14) श्री बैन्नी बेहनन द्वारा तिरुवनन्तपुरम् अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निजीकरण के बारे में ।

(15) श्री वी.के. श्रीकंदन द्वारा केरल के पालक्काड़ में इंटरनेट कनेक्टिविटी से संबंधित मुद्दों के बारे ।

(16) श्री एस.डी.एन.वी.सेंथिलकुमार द्वारा तमिलनाडु के सेलम जिले में तार सड़क के निर्माण के बारे में ।

(17) प्रो. सौगत राय द्वारा राज्यों को लंबित जीएसटी मुआवजा जारी किए जाने के संबंध में ।

(18) श्री संजय हरिभाऊ जाधव द्वारा महाराष्ट्र के परभणी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कपास विश्वविद्यालय और एक कपास प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(19) डॉ. आलोक कुमार सुमन द्वारा बिहार के गोपालगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण उपाय किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(20) श्री रामशिरोमणि द्वारा उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में बाढ़ से फसल का नुकसान होने के कारण संकटग्रस्त किसानों को पर्याप्त वित्तीय सहायता अथवा राहत पैकेज दिए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(21) श्री जयदेव गल्ला द्वारा उत्पीड़न अधिनियम में संशोधन किए जाने के बारे में ।

(22) श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन द्वारा कोल्लम परप्पू (क्विलॉन बैंक) के मात्स्यिकी केंद्र का संरक्षण किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

अपराह्न 4.14 बजे

#12. सांविधिक संकल्प- अस्वीकृत

लिया गया समयः 1 घंटा 15 मिनट

एडवोकेट डीन कुरियाकोस ने निम्नलिखित संकल्प पेश किया:-

"कि यह सभा राष्ट्रपति द्वारा अप्रैल 7, पितको प्रख्या 2020 संसद सदस्य वेतन, भत्ता और पेंशन (संशोधन) अध्यादेश, 2020 (3 का अध्यादेश संख्यांक 2020) का निरनुमोदन करती है।"

एडवोकेट डीन कुरियाकोस ने भी अपने विचार रखे।

संकल्प पर मतदान हुआ और वह अस्वीकृत हुआ।

#13. सरकारी विधेयक - पारित

संसद सदस्य वेतन, भत्ता और पेंशन (संशोधन) विधेयक, 2020

विधेयक पर विचार के लिए प्रस्ताव श्री प्रहलाद जोशी द्वारा पेश किया गया।
निम्नलिखित सदस्यों ने संयुक्त वाद-विवाद में भाग लिया:-

1. श्री विजय बघेल
2. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी
3. श्री पी. वी. मिधुन रेड्डी
4. प्रो. सौगत राय
5. श्री पिनाकी मिश्रा
6. श्री मलूक नागर
7. श्री श्रीरंग आप्पा बारणे
8. श्री नामा नागेश्वर राव
9. श्रीमती सुप्रिया सुले
10. एडवोकेट ए.एम. आरिफ

एकसाथ चर्चा की गई

11. श्री जयदेव गल्ला
12. श्री थोमस चाज़िकाडन
13. श्री भगवंत मान
14. श्री ई.टी. मोहम्मद बशीर
15. श्रीमती नवनित रवि राणा
16. श्री सय्यद ईमत्याज ज़लील
17. श्री अधीर रंजन चौधरी
18. श्री गिरीश भालचन्द्र बापट
19. श्री रितेश पाण्डेय
20. श्रीमती महुआ मोइत्रा

श्री प्रहलाद जोशी ने संयुक्त वाद-विवाद का उत्तर दिया।

विचार किए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पर खण्डवार विचार आरंभ हुआ।

खण्ड 2 और 3 स्वीकृत हुए।

खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

श्री प्रहलाद जोशी द्वारा विधेयक को पारित करने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित किया गया।

अपराहन 5.29 बजे

#14. सांविधिक संकल्प- अस्वीकृत

लिया गया समयः 2 घंटे 23 मिनट

प्रो. सौगत राय ने निम्नलिखित संकल्प पेश कियाः-

" कि यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 5 जून, पितको प्रख्या 2020 आवश्यक वस्तु अध्यादेश (संशोधन), 2020 (का 2020 8 अध्यादेश संख्यांक) का निरनुमोदन करती है।"

प्रो. सौगत राय ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

संकल्प पर मतदान हुआ और वह अस्वीकृत हुआ।

#15. सरकारी विधेयक - पारित

आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक, 2020

विधेयक पर विचार के लिए प्रस्ताव श्री दानवे रावसाहेब दादाराव द्वारा श्री राम विलास पासवान की ओर से पेश किया गया।

निम्नलिखित सदस्यों ने संयुक्त वाद-विवाद में भाग लियाः-

1. श्री पी. पी. चौधरी
2. डॉ. अमर सिंह
3. श्री कल्याण बनर्जी
4. श्री डी.एम. कथीर आनन्द
5. डॉ. संजीव कुमार शिंगरी
6. श्री राहुल रमेश शेवाले
7. श्री कौशलेन्द्र कुमार
8. श्री भर्तृहरि महताब
9. कुंवर दानिश अली
10. श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी
11. श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटील
12. एडवोकेट ए.एम. आरिफ
13. श्री ई.टी. मोहम्मद बशीर
14. श्री सुखबीर सिंह बादल
15. श्री भगवंत मान
16. श्री किंजरापु राम मोहन नायडू
17. श्रीमती सुप्रिया सुले
18. श्री अधीर रंजन चौधरी
19. श्री निशिकांत दुबे

श्री दानवे रावसाहेब दादाराव ने संयुक्त वाद-विवाद का उत्तर दिया।

विचार किए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पर खण्डवार विचार आरंभ हुआ।

खण्ड 2 और 3 स्वीकृत हुए।

खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

एकसाथ चर्चा की गई

श्री दानवे रावसाहेब दादाराव द्वारा विधेयक को पारित करने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित किया गया।

सायं 7.52 बजे

(लोक सभा बुधवार, 16 सितम्बर, 2020 के अपराह्न 3.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

स्नेहलता श्रीवास्तव
महासचिव

लोक सभा

समाचार - भाग 1

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृतांत)

बुधवार, 16 सितम्बर, 2020/25 भाद्रपद, 1942 (शक)

संख्या 83

अपराह्न 3.01 बजे

1. सभा पटल पर रखे गए पत्र

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री; तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे-

(1) खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 28 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) कोयला ब्लॉक्स आबंटन (संशोधन) नियम, 2020 जो 18 मई, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 300(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) खनिज (नीलामी) संशोधन नियम, 2020 जो 20 मार्च, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 190(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(2) कोयला खान (विशेष उपबंध) अधिनियम, 2015 की धारा 31 की उप-धारा (3) के अंतर्गत अधिसूचना सं. का.आ. 680(अ) जो 13 फरवरी, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जो उक्त अधिनियम के प्रयोजनार्थ झारखण्ड राज्य में अवस्थित परबतपुर-सेंट्रल कोल माईन का प्रबंधन संभालने और उसका संचालन करने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन की 'अभिहित अभिरक्षक' के रूप में नियुक्ति के बारे में है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री राव इंद्रजीत सिंह) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे-

(1) (एक) राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट

सिफारिशों पर की-गई-कार्रवाई प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद येसो नाईक) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे-

(1) सेना अधिनियम, 1950 की धारा 193 के अंतर्गत सेना (संशोधन) नियम, 2019 जो 28 दिसम्बर, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.नि.आ.17(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) नौसेना अधिनियम, 1957 की धारा 185 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) नौसेना (अनुशासन और प्रकीर्ण उपबंध) संशोधन विनियम, 2019 जो 28 दिसम्बर, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.नि.आ. 18(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) नौसेना सेरिमोनियल, सेवा शर्त और प्रकीर्ण (संशोधन) विनियम, 2019 जो 28 दिसम्बर, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.नि.आ. 19(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(3) वायु सेना अधिनियम, 1950 की धारा 191 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) वायु सेना (संशोधन) नियम, 2019 जो 28 दिसम्बर, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.नि.आ. 20(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) वायु सेना (संशोधन) विनियम, 2019 जो 28 दिसम्बर, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.नि.आ. 21(अ) में प्रकाशित हुए थे।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री; परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री; तथा अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे-

(1) (एक) सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003 की धारा 14 की उप-धारा (3) के अंतर्गत केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के वर्ष 2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरदीप सिंह पुरी) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे-

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) पीईसी लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) पीईसी लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) चाय अधिनियम, 1953 की धारा 30 की उप-धारा (3) और (5) के अंतर्गत जारी चाय (विपणन) नियंत्रण (संशोधन) आदेश, 2020 जो 31 जुलाई, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का॰ आ॰ 2560 (अ) में प्रकाशित हुआ था, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे-

(1) तेरहवीं, चौदहवीं, पंद्रहवीं, सोलहवीं और सत्रहवीं लोक सभा के विभिन्न सत्रों के दौरान मंत्रियों द्वारा दिए गए आश्वासनों, वचनों तथा परिवचनों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई दर्शाने वाले निम्नलिखित विवरणों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

तेरहवीं लोक सभा

1。	विवरण संख्या 57	तीसरा सत्र, 2000
2.	विवरण संख्या 37	दसवां सत्र, 2002

चौदहवीं लोक सभा

3。	विवरण संख्या 32	दूसरा सत्र, 2004
4.	विवरण संख्या 33	पांचवां सत्र, 2005
5。	विवरण संख्या 27	आठवां सत्र, 2006
6.	विवरण संख्या 31	चौदहवां सत्र, 2008

पंद्रहवीं लोक सभा

7。	विवरण संख्या 37	दूसरा सत्र, 2009
8.	विवरण संख्या 30	तीसरा सत्र, 2009
9。	विवरण संख्या 29	सातवां सत्र, 2011
10.	विवरण संख्या 30	आठवां सत्र, 2011
11。	विवरण संख्या 29	नौवां सत्र, 2011
12.	विवरण संख्या 28	दसवां सत्र, 2012
13。	विवरण संख्या 26	ग्यारहवां सत्र, 2012
14.	विवरण संख्या 25	तेरहवां सत्र, 2013
15。	विवरण संख्या 20	चौदहवां सत्र, 2013
16.	विवरण संख्या 21	पंद्रहवां सत्र, 2013-14

सोलहवीं लोक सभा

17。	विवरण संख्या 20	दूसरा सत्र, 2014
18.	विवरण संख्या 20	तीसरा सत्र, 2014
19。	विवरण संख्या 19	चौथा सत्र, 2015
20.	विवरण संख्या 16	पांचवां सत्र, 2015
21。	विवरण संख्या 16	छठा सत्र, 2015
22.	विवरण संख्या 14	सातवां सत्र, 2016
23。	विवरण संख्या 14	आठवां सत्र, 2016
24.	विवरण संख्या 13	नौवां सत्र, 2016
25。	विवरण संख्या 11	दसवां सत्र, 2016
26.	विवरण संख्या 11	ग्यारहवां सत्र, 2017
27。	विवरण संख्या 9	बारहवां सत्र, 2017
28.	विवरण संख्या 8	तेरहवां सत्र, 2017-18
29。	विवरण संख्या 7	चौदहवां सत्र, 2018
30.	विवरण संख्या 6	पंद्रहवां सत्र, 2018
31。	विवरण संख्या 4	सोलहवां सत्र, 2018-19
32.	विवरण संख्या 3	सत्रहवां सत्र, 2019

सत्रहवीं लोक सभा

33。	विवरण संख्या 2	पहला सत्र, 2019
34.	विवरण संख्या 1	दूसरा सत्र, 2019

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री; संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा

इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय शामराव धोत्रे) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे-

(1) भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 की धारा 74 की उप-धारा (4) के साथ पठित धारा 43 के अंतर्गत भारतीय डाकघर (संशोधन) नियम, 2020 जो 14 जुलाई, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 446 (अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) (एक) भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2018-19 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2018-19 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षित लेखे।

(तीन) भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) (एक) ईआरनेट इंडिया, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) ईआरनेट इंडिया, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

(5) उपर्युक्त (4) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(6) (एक) सेंटर फॉर मैटेरियल्स फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी (सी-मैट), पुणे के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) सेंटर फॉर मैटेरियल्स फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी (सी-मैट), पुणे के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

(7) उपर्युक्त (6) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(8) (एक) सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग, पुणे के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन

की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग, पुणे के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

(9) उपर्युक्त (8) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(10) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 की धारा 37 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) दि टेलीकम्युनिकेशन इंटरकनेक्शन यूसेज चार्जेज (सोलहवां संशोधन) विनियम, 2020 जो 17 अप्रैल, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एफ.सं. 6-19/2019-बीबीएण्डपीए में प्रकाशित हुए थे।

(दो) दि टेलीकम्युनिकेशन इंटरकनेक्शन (दूसरा संशोधन) विनियम, 2020 जो 10 जुलाई, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एफ.सं. 409-3/2018-एनएसएल-आई में प्रकाशित हुए थे।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अंगड़ी सुरेश चन्नाबसप्पा) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे-

(1) (एक) सेंटर फॉर रेलवे इन्फॉरमेशन सिस्टम्स, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) सेंटर फॉर रेलवे इन्फॉरमेशन सिस्टम्स, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) रेल अधिनियम, 1989 की धारा 199 के अंतर्गत भारतीय रेल (ओपन लाईन्स) सामान्य संशोधन नियम, 2020 जो दिनांक 13 मार्च, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 168(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम प्रकाश) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे-

(1) (एक) ऑफिस ऑफ द कंट्रोलर जनरल ऑफ पेटेन्ट्स, डिजाइन्स, ट्रेडमार्क्स एण्ड ज्योग्रैफिकल इंडीकेशन्स, मुंबई के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) ऑफिस ऑफ द कंट्रोलर जनरल ऑफ पेटेन्ट्स, डिजाइन्स, ट्रेडमार्क्स एण्ड ज्योग्रैफिकल इंडीकेशन्स, मुंबई के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

3. उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 की धारा 6 के अंतर्गत जारी अधिसूचना सं. का.आ. 1023(अ) जो 9 मार्च, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जो इस आदेश के प्रकाशन की तारीख से दो वर्षों की अवधि के लिए डेवपलमेंट काउन्सिल फॉर पल्प, पेपर एण्ड एलाइड इंडस्ट्रीज की स्थापना करने और उसमें उल्लिखित व्यक्तियों की नियुक्ति उक्त काउन्सिल के सदस्य के रूप में करने के संबंध में है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

2. प्रश्न

चूंकि वर्तमान सत्र अर्थात 17वीं लोक सभा के चौथे सत्र में तारांकित प्रश्नों की सूची की व्यवस्था को समाप्त किया गया है इसलिए अतारांकित प्रश्न संख्या 461-690 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

3. राज्य सभा से संदेश

महासचिव ने राज्य सभा से प्राप्त इस संदेश की सूचना दी कि राज्य सभा 15 सितम्बर, 2020 को हुई अपनी बैठक में लोक सभा द्वारा यथापारित वायुयान (संशोधन) विधेयक, 2020 से बिना किसी संशोधन के सहमत हुई।

[*]4. अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति के प्रतिवेदन

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति (2020-2021) के निम्नलिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत किए:-

(1) कोयला मंत्रालय से संबंधित 'कोल इंडिया लिमिटेड और इसकी अनुषंगी कंपनियों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण नीति का कार्यान्वयन' विषय के बारे में समिति का दूसरा प्रतिवेदन।

(2) संचार मंत्रालय (दूरसंचार विभाग) से संबंधित 'भारत संचार निगम लिमिटेड के विशेष संदर्भ में सरकारी सेवाओं, सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्तशासी निकायों में निजीकरण, बाह्य स्रोतों से कार्य और संविदात्मक रोजगार के आलोक में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने हेतु अर्थोपाय' विषय के बारे में समिति का तीसरा प्रतिवेदन।

(3) सूचना और प्रसारण मंत्रालय से संबंधित 'प्रसार भारती के विशेष संदर्भ में सरकारी सेवाओं, सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्तशासी निकायों में निजीकरण, बाह्य स्रोतो से कार्य और संविदात्मक रोजगार के आलोक में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने हेतु अर्थोपाय' विषय के बारे में समिति का चौथा प्रतिवेदन।

5. मंत्री द्वारा वक्तव्य

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अंगड़ी सुरेश चन्नाबसप्पा) की ओर से रेल मंत्रालय से संबंधित 'अनुदानों की मांगों (2020-21)' के बारे में रेल संबंधी स्थायी समिति के तीसरे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

***अपराहन 3.04 बजे**

6. कार्य मंत्रणा समिति का प्रतिवेदन

श्री प्रहलाद जोशी ने कार्य मंत्रणा समिति का 16वां प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

---

[*] अपराहन 3.40 बजे

[*] अपराहन 3.05 बजे से अपराहन 4.00 बजे तक सदस्यों ने अविलम्बनीय लोक महत्व के मामले उठाए।

अपराह्न 4.00 बजे

7. नियम 377 के अधीन मामले

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे-

(1) डॉ. सुजय राधाकृष्ण विखेपाटील द्वारा अहमद नगर में सेना द्वारा प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के कारण किसानों की चिंताओं को सुलझाने की आवश्यकता के बारे में ।

(2) श्री अजय मिश्र (टेनी) द्वारा भारत के उत्तर प्रदेश राज्य में नेपाल के जरिए आ रही जब्त वस्तुओं की नीलामी प्रक्रिया को तर्क संगत बनाने की आवश्यकता के बारे में ।

(3) श्री रवि किशन (श्यामनारायण) द्वारा उत्तर प्रदेश के गोरखपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में ललित नरायण मिश्र रेल अस्पताल को मेडिकल कॉलेज के रूप में विकसित करने की आवश्यकता के बारे में ।

(4) श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण व्यवस्था में क्रिमी लेयर प्रणाली को समाप्त करने तथा वर्ष 2021 की जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना को शामिल करने की आवश्यकता के बारे में ।

(5) श्री सुनील बाबूराव मेंढे द्वारा विदर्भ के लिए एक विशेष सहायता पैकेज के बारे में ।

(6) श्रीमती अपराजिता सारंगी द्वारा राज्य व्यापार सुधार कार्य योजना 2019 (बीआरएपी) के बारे में ।

(7) डॉ. कृष्णपालसिंह यादव द्वारा मध्य प्रदेश के गुना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक वृहत फूड पार्क स्थापित करने की आवश्यकता के बारे में ।

(8) श्री रेबती त्रिपुरा द्वारा त्रिपुरा स्वायत्तशासी जिला परिषद की समस्याओं को हल करने के बारे में ।

(9) श्री विष्णु दयाल राम द्वारा झारखंड में गढ़वा-रेहला बाइपास सड़क के निर्माण के बारे में ।

(10) श्री जी . एस . बसवराज द्वारा आशा कर्मियों के वेतन के पुनरीक्षण के बारे में ।

(11) श्री खगेन मुर्मु द्वारा पश्चिम बंगाल के मालदा उत्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण उपाय करने तथा पीड़ित लोगों को क्षतिपूर्ति प्रदान करने की आवश्यकता के बारे में ।

(12) श्री राजेश वर्मा द्वारा उत्तर प्रदेश में सीतापुर और शाहजहांपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 के खंड के निर्माण की आवश्यकता के बारे में।

(13) श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे द्वारा महाराष्ट्र के लातूर शहर में एफएम रेडियो स्टेशन स्थापित करने की आवश्यकता के बारे में ।

(14) श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर द्वारा महाराष्ट्र में सतारा और सोलापुर के सूखाग्रस्त क्षेत्रों को निरदेवघर और गुंजावानी बांधों से पानी की आपूर्ति करने की आवश्यकता के बारे में ।

(15) डॉ. जयसिद्देश्वर शिवाचार्य महास्वामीजी द्वारा महाराष्ट्र के शोलापुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के वस्त्र और गारमेंट्स उद्योग को एक विशेष वित्तीय पैकेज दिए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(16) श्री (एडवोकेट) डीन कुरियाकोस द्वारा केरल में इडुक्की के मृत पौधारोपणकर्मियों के लिए एक विस्तृत पैकेज के बारे में ।

(17) सुश्री एस. जोतिमणि द्वारा सकल घरेलू उत्पाद में गिरावट और बढ़ती बेरोजगारी के बारे में ।

(18) श्री उत्तम कुमार नलमाडा रेड्डी द्वारा हैदराबाद और विजयवाड़ा के बीच रेल लाइन के बारे में ।

(19) श्रीमती कनिमोझी करूणानिधि द्वारा तमिलनाडु के थूथुक्कुडी में बहुत ज्यादा रेत होने की समस्या के बारे में ।

(20) श्री अंडिमुतु राजा द्वारा निलगिरी के पांडालूर तालुक में भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा खोले जाने के बारे में।

(21) श्री कोटागिरी श्रीधर द्वारा अपरिष्कृत मानव केश की तस्करी पर प्रतिबंध के बारे में ।

(22) श्री श्रीरंग आप्पा बारणे द्वारा महाराष्ट्र के मावल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में ऐतिहासिक स्थलों को विकसित करने की आवश्यकता के बारे में ।

(23) श्री चन्देश्वर प्रसाद द्वारा आकांक्षी जिलों विशेषकर बिहार के गया जिले में कारपोरेट सामाजिक दायित्व निधि (सीएसआर) के अंतर्गत व्यय और कार्यक्रमों की सूचना प्रदान करने के बारे में ।

(24) श्री रितेश पाण्डेय द्वारा उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में दून एक्सप्रेस और गंगा-सतलुज एक्सप्रेस के मार्गों की बहाली की आवश्यकता के बारे में ।

(25) श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी द्वारा तेलंगाना में हैदराबाद के मुचेरला में एक फार्मा सिटी के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की आवश्यकता के बारे में ।

(26) श्री पी. के. कुन्हालीकुट्टी द्वारा छोटे शहरों में सीजीएचएस सुविधाएं उपलब्ध कराने के बारे में ।

अपराह्न 4.00 बजे

#8. सांविधिक संकल्प – अस्वीकृत

लिया गया समय 3 घंटे 27 मिनट

श्री मनीश तिवारी ने निम्नलिखित संकल्प पेश किया:-

"कि यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 26 जून, 2020 को प्रख्यापित बैंककारी विनियमन (संशोधन) अध्यादेश, 2020 (2020 का अध्यादेश संख्यांक 12) का निरनुमोदन करती है।"

श्री मनीश तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

संकल्प पर मतदान हुआ और वह अस्वीकृत हुआ।

#9. सरकारी विधेयक - पारित

बैंककारी विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2020

विधेयक पर विचार के लिए प्रस्ताव श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया। निम्नलिखित सदस्यों ने संयुक्त वाद-विवाद में भाग लिया:-

1. श्री शिवकुमार चन्नाबसप्पा उदासी
2. डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार
3. प्रो. सौगत राय
4. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू
5. श्री गजानन कीर्तिकर
6. डॉ. आलोक कुमार सुमन
7. श्री पिनाकी मिश्रा
8. श्रीमती संगीता आजाद
9. श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी
10. श्री बैन्नी बेहनन
11. श्री एल.एस. तेजस्वी सूर्या
12. श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे
13. श्रीमती नुसरत जहां रूही

एकसाथ चर्चा की गई

14. श्री जयदेव गल्ला
15. एडवोकेट ए.एम. आरिफ
16. श्री सप्तगिरी शंकर उलाका
17. श्रीमती सुनीता दुग्गल
18. श्री असादुद्दीन ओवैसी
19. श्री के. नवासखनी
20. श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन
21. श्री पी. रविन्द्रनाथ कुमार
22. श्रीमती नवनित रवि राणा
23. श्री थोमस चाज़िकाडन
24. श्री गौतम सिगामणि पोन
25. डॉ. के. जयकुमार
26. श्रीमती सुप्रिया सुले
27. श्री राहुल रमेश शेवाले
28. श्री मनोज कोटक
29. श्री भगवंत मान
30. श्री गिरीश भालचन्द्र बापट
31. श्री एम.के. राघवन
32. श्री अधीर रंजन चौधरी

श्रीमती निर्मला सीतारमण ने संयुक्त वाद-विवाद का उत्तर दिया।
विचार किए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पर खण्डवार विचार आरंभ हुआ।

खण्ड 2 स्वीकृत हुआ।

खण्ड 3 स्वीकृत हुआ।

खण्ड 4 और 5 स्वीकृत हुए।

खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा विधेयक को पारित करने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित किया गया।

सायं 7.27 बजे

(लोक सभा गुरुवार, 17 सितम्बर, 2020 के अपराहन 3.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

स्नेहलता श्रीवास्तव
महासचिव

लोक सभा

समाचार - भाग 1

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृतांत)

गुरूवार, 17 सितम्बर, 2020/26 भाद्रपद, 1942 (शक)

संख्या 84

अपराह्न 3.00 बजे

1. निधन संबंधी उल्लेख

अध्यक्ष ने लोक सभा के वर्तमान सदस्य श्री बल्ली दुर्गा प्रसाद राव के निधन का उल्लेख किया। तत्पश्चात्, सदस्यगण दिवंगत आत्मा के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़े रहें।

(लोक सभा अपराह्न 3.03 बजे स्थगित हुई और अपराह्न 4.00 बजे पुनः समवेत हुई)

अपराह्न 4.00 बजे

2. सभा पटल पर रखे गए पत्र

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री किरेन रिजीजू) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे -

(1) (एक) नेहरू युवा केन्द्र संगठन, नई दिल्ली के वर्ष 2017-2018 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) नेहरू युवा केन्द्र संगठन,, नई दिल्ली के वर्ष 2017-2018 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राज कुमार सिंह) की ओर से विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 179 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी -

(1) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) (छठा संशोधन) विनियम, 2019 जो 27 दिसम्बर, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एल-1/18/2010-सीईआरसी में प्रकाशित हुए थे।

(2) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में निर्बाध पहुंच) (छठा संशोधन) विनियम, 2019 जो 27 दिसम्बर, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एल-7/105(121)/2007-सीईआरसी में प्रकाशित हुए थे।

(3) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत बाजार) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2019 जो 27 दिसम्बर, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एल-1/13/2010-सीईआरसी में प्रकाशित हुए थे।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); नागर विमानन मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार); तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरदीप सिंह पुरी) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे -

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) एयर इंडिया एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) एयर इंडिया एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने पोत परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री(मनसुख मांडविया) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे -

(1) (एक) सीमेन्स प्रोविडेंट फण्ड ऑर्गेनाइजेशन, मुंबई के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) सीमेन्स प्रोविडेंट फण्ड ऑर्गेनाइजेशन, मुंबई के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सेतुसमुद्रम कार्पोरेशन लिमिटेड, चेन्नई के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) सेतुसमुद्रम कार्पोरेशन लिमिटेड, चेन्नई का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 124 की उप-धारा (4) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि. 529(अ) जो 26 अगस्त, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा न्यू मंगलोर पत्तन न्यास कर्मचारी (भर्ती, वरिष्ठता तथा पदोन्नति) संशोधन विनियम, 2020 अनुमोदित किए गए थे।

(दो) सा.का.नि. 530(अ) जो 26 अगस्त, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा मुंबई पत्तन न्यास कर्मचारी (भर्ती, वरिष्ठता तथा पदोन्नति) संशोधन विनियम, 2020 अनुमोदित किए गए थे।

(तीन) सा.का.नि. 531(अ) जो 26 अगस्त, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास कर्मचारी (भर्ती, वरिष्ठता तथा पदोन्नति) संशोधन विनियम, 2020 अनुमोदित किए गए थे।

(चार) सा.का.नि. 532(अ) जो 26 अगस्त, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास कर्मचारी (भर्ती, वरिष्ठता तथा पदोन्नति) संशोधन विनियम, 2020 अनुमोदित किए गए थे।

(पांच) सा.का.नि. 533(अ) जो 26 अगस्त, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा मुंबई पत्तन न्यास कर्मचारी (भर्ती, वरिष्ठता तथा पदोन्नति) संशोधन विनियम, 2020 अनुमोदित किए गए थे।

(छह) कोचीन पत्तन न्यास (डिसट्रेन्ट ऑर अरेस्ट एण्ड सेल ऑफ वेसेल्स) विनियम, 2019 जो 5 मार्च, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 161(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(सात) कोचीन पत्तन और डॉक विनियम, 2020 जो 22 जुलाई, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 460(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(6) महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 124 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) कोलकाता पत्तन न्यास (स्टीवडोरिंग एण्ड शोर हैण्डलिंग लाइसेंस) विनियम, 2020 जो 11 जून, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 370(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) दीनदयाल पत्तन न्यास (लाइसेसिंग ऑफ स्टीवडोरिंग एण्ड शोर हैण्डलिंग लाइसेंस) विनियम, 2019 जो 19 मार्च, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 187(अ) में प्रकाशित हुए थे।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे -

(1) दि इंटरनेशनल सेंटर फॉर ड्रिंकिंग वाटर क्वालिटी, नई दिल्ली के वर्ष 2017-2018 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) आंध्र प्रदेश स्टेट इरीगेशन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, हैदराबाद के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) आंध्र प्रदेश स्टेट इरीगेशन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, हैदराबाद का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) (एक) राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखा-परीक्षा प्रतिवेदन।

(दो) राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के लेखा-परीक्षित लेखाओं की समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(6) उपर्युक्त (5) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे -

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

3. प्रश्न

चूंकि वर्तमान सत्र अर्थात 17वीं लोक सभा के चौथे सत्र में तारांकित प्रश्नों की सूची की व्यवस्था को समाप्त किया गया है इसलिए अतारांकित प्रश्न संख्या 691-920 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

4. **याचिका संबंधी समिति के प्रतिवेदन**

डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने याचिका संबंधी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए:-

(1) श्रीमती सुमन डूडी के पति कर्नल (टीएस)(सेवानिवृत्त) रण सिंह डूडी को अनुवर्ती परिलाभ दिए जाने से इंकार करते हुए उनके साथ हुए कथित अन्याय तथा तत्संबंधी अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में श्री राजेन्द्र अग्रवाल, संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा अग्रेषित उनके अभ्यावेदन के बारे में पांचवां प्रतिवेदन।

(2) भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के प्राधिकारियों द्वारा कार्य पूरा हुए बिना मैसर्स महालक्ष्मी इंफ्राकान्ट्रैक्ट प्राइवेट लिमिटेड को किए गए भुगतान के संबंध में कथित घोर वित्तीय अनियमितताओं के बारे में श्री सुभाष कुमार सिंह से प्राप्त अभ्यावेदन के बारे में याचिका संबंधी समिति (16वीं लोक सभा) के 47वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी छठा प्रतिवेदन।

(3) भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) द्वारा मैसर्स सद्भाव अन्नपूर्णा (जेवी) को कार्य पूरा किये बिना पूर्ण अनुबंधित राशि के भुगतान के संबंध में श्री सुभाष कुमार सिंह से प्राप्त अभ्यावेदन के बारे में याचिका संबंधी समिति (16वीं लोक सभा) के 51वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी सातवां प्रतिवेदन।

(4) तेजपुर रेलवे स्टेशन तक बड़ी रेल लाइन के विस्तार के संबंध में श्री जितेन्द्र चौधरी, संसद सदस्य,

लोक सभा द्वारा अग्रेषित श्री जितेन सुण्डी और अन्य से प्राप्त अभ्यावेदन के बारे में याचिका संबंधी समिति (16वीं लोक सभा) के 54वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी आठवां प्रतिवेदन।

5. अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति का अध्ययन दौरा प्रतिवेदन

डॉ. किरिट पी. सोलंकी ने अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति द्वारा जनवरी, 2020 के दौरान चेन्नई, पुदुचेरी, गोवा और मुंबई का अध्ययन दौरा प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखे।

6. मंत्री द्वारा वक्तव्य

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री किरेन रिजीजू) ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2019-20) के संबंध में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति के चौथे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

7. प्रस्ताव

श्री अर्जुन राम मेघवाल ने श्री प्रहलाद जोशी की ओर से निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किया-

"कि यह सभा 16 सितम्बर, 2020 को सभा में प्रस्तुत कार्य मंत्रणा समिति के 16वें प्रतिवेदन से सहमत हैं।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

अपराहन 4.08 बजे

8. नियम 377 के अधीन मामले

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे-

(1) श्री रविन्दर कुशवाहा द्वारा दिल्ली-लखनऊ-बरौनी खंड पर एक राजधानी एक्सप्रेस और लखनऊ-गोरखपुर-वाराणसी खंड पर एक शताब्दी एक्सप्रेस चलाए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(2) श्री राजीव प्रताप रूडी द्वारा मोटर यान अधिनियम का संशोधन किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(3) श्री नारणभाई बी. काछड़िया द्वारा गुजरात के अमरेली में एक केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(4) श्री गोपाल चिनय्या शेट्टी द्वारा धर्मार्थ संगठनों की अनेक वर्षों से खाली पड़ी भूमि को अधिगृहीत किए जाने और उसका जनहित में उपयोग किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(5) श्री राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा उत्तर प्रदेश के हस्तिनापुर में पुरातात्विक महत्व के स्थानों-उल्टा खेड़ा टीला और पांडव टीला में और उसके आसपास अतिक्रमण को हटाए जाने की की आवश्यकता के बारे में ।

(6) श्री रामदास सी. तडस द्वारा कीटों के हमले के कारण महाराष्ट्र के वर्धा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के किसानों को हुए नुकसान के लिए उन्हें मुआवजा दिए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(7) श्री पी.पी. चौधरी द्वारा जोधपुर के एम्स द्वारा राजस्थान के पाली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना किए जाने के बारे में ।

(8) श्री निहाल चन्द चौहान द्वारा राजस्थान के गंगानगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में रेल सेवाओं में वृद्धि किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(9) श्री देवेन्द्र सिंह उर्फ भोले सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर जनपद में अखिल भारतीय वाक् एवं श्रव्य संस्थान स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(10) श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव द्वारा केबीके क्षेत्र के लिए विशेष पैकेज के बारे में ।

(11) श्री राजा अमरेश्वर नाईक द्वारा कर्नाटक में येरमारूस तापीय विद्युत केंद्र द्वारा पर्यावरणीय नियमों का अनुपालन किए जाने के बारे में ।

(12) श्री अजय भट्ट द्वारा उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जिले में भूतपूर्व सैनिकों को भूमि का स्वामित्व अधिकार दिए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(13) श्री कराडी अमरप्पा सनगन्ना द्वारा कर्नाटक में गंगावती से दरोजी तक रेलवे ब्रॉड गेज लाइन के बारे में ।

(14) श्री दीपक बैज द्वारा छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(15) श्री मारगनी भरत राम द्वारा राजामुन्दरी विमानपत्तन पर कार्गो सुविधाओं के बारे में ।

(16) श्री कृपाल बालाजी तुमाने द्वारा महाराष्ट्र के रामटेक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में किसानों को हुए नुकसान का आकलन करने और उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(17) श्री मोहम्मद फैजल पी.पी. द्वारा लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र में बेड़ों और परिवहन क्षेत्र के उचित कार्यकरण के बारे में ।

9. अध्यक्ष द्वारा टिप्पणी

अध्यक्ष ने मद संख्या 15 से 18 को एक साथ लिए जाने के संसदीय कार्य मंत्री के अनुरोध के बारे में एक टिप्पणी की।

सभा सहमत हुई।

अपराह्न 4.09 बजे

10. (एक) सांविधिक संकल्प - वापस लिए गए/अस्वीकृत;

(दो) सरकारी विधेयक - पारित

लिया गया समय: 5 घंटे 36 मिनट

कार्य की निम्नलिखित मदों को एक साथ लिया गयाः-

(एक) कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) अध्यादेश, 2020 (2020 का अध्यादेश संख्यांक 10) का निरनुमोदन करने वाला सांविधिक संकल्प

(दो) *कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) विधेयक, 2020*

(तीन) कृषक (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार अध्यादेश, 2020 (2020 का अध्यादेश संख्यांक 11) का निरनुमोदन करने वाला सांविधिक संकल्प

(चार) *कृषक (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार विधेयक, 2020*

एडवोकेट डीन कुरियाकोस ने निम्नलिखित प्रस्ताव पेश कियाः-

"कि यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 5 जून, 2020 को प्रख्यापित कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) अध्यादेश, 2020 (2020 का अध्यादेश संख्यांक 10) का निरनुमोदन करती है।"

कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) विधेयक, 2020 पर विचार करने के लिए प्रस्ताव श्री नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा पेश किया गया।

श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन ने निम्नलिखित प्रस्ताव पेश कियाः-

"कि यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 5 जून, 2020 को प्रख्यापित कृषक (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार अध्यादेश, 2020 (2020 का अध्यादेश संख्यांक 11) का निरनुमोदन करती है।"

कृषक (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार विधेयक, 2020 पर विचार करने के लिए प्रस्ताव श्री नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा पेश किया गया।

निम्नलिखित सदस्यों ने संयुक्त चर्चा में भाग लियाः-

1. श्री रवनीत सिंह बिट्टू

2. श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन
3. श्री वीरेन्द्र सिंह
4. श्री के. षणमुग सुंदरम
5. श्री कल्याण बनर्जी
6. श्री तालारी रंगैय्या
7. श्री रितेश पाण्डेय
8. श्री अरविंद सावंत
9. श्री अनुभव मोहंती
10. श्री संतोष कुमार
11. श्री एम. श्रीनिवासुलू रेड्डी
12. डॉ. एस.टी. हसन
13. श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे
14. श्री गुरजीत सिंह औजला
15. श्री जगदम्बिका पाल
16. श्री पी. आर. नटराजन
17. श्री एम. धनुष कुमार
18. श्री के. राममोहन नायडू
19. सुश्री महुआ मोइत्रा
20. श्री बी.वाई. राघवेन्द्र
21. श्री पी.के. कुन्हालीकुट्टी
22. श्री सुखबीर सिंह बादल
23. श्री लावू श्रीकृष्ण देवरायालू
24. श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर
25. श्री दिलेश्वर कामैत
26. श्री दुष्यंत सिंह
27. श्री सय्यद ईमत्याज ज़लील
28. सुश्री एस. जोतिमणि
29. श्री रामशिरोमणि वर्मा
30. श्री बी.बी. पाटील
31. श्रीमती नवनित रवि राणा
32. श्री पी. रविन्द्रनाथ कुमार
33. श्री प्रज्ज्वल रेवन्ना
34. श्री जनार्दन मिश्र
35. श्री सी.एन. अन्नादुरई
36. श्री भगवंत मान

37. श्री अजय मिश्र टेनी
38. श्री हेमन्त श्रीराम पाटील
39. श्री जसबीर सिंह गिल
40. श्री मलूक नागर
41. श्री एम.के. राघवन
42. श्री शान्तनु ठाकुर
43. श्री एस. मुनिस्वामी
44. *श्री अधीर रंजन चौधरी

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने संयुक्त वाद-विवाद का उत्तर दिया।

(एक) एडवोकेट डीन कुरियाकोस द्वारा पेश किया गया कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) अध्यादेश, 2020 (2020 का अध्यादेश संख्यांक 10) का निरनुमोदन करने वाले सांविधिक संकल्प पर मतदान हुआ और यह अस्वीकृत हुआ।

(दो) विधेयक पर विचार के लिए प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और खंडवार चर्चा आरंभ हुई।

खंड 2 स्वीकृत हुआ।
खंड 3 स्वीकृत हुआ।
खंड 4 स्वीकृत हुआ।
खंड 5 स्वीकृत हुआ।
खंड 6 स्वीकृत हुआ।
खंड 7 स्वीकृत हुआ।
खंड 8 स्वीकृत हुआ।
खंड 9 और 10 स्वीकृत हुए।
खंड 11 से 20 स्वीकृत हुए।

खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा विधेयक को पारित करने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित हुआ।

(तीन) श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन द्वारा पेश किया गया *कृषक (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार अध्यादेश, 2020 (2020 का अध्यादेश संख्यांक 11) का निरनुमोदन करने वाले* सांविधिक संकल्प पर मतदान हुआ और यह अस्वीकृत हुआ।

---

* रात्रि 9.23 बजे

(चार) विधेयक पर विचार के लिए प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और खंडवार चर्चा आरंभ हुई।

खंड 2 स्वीकृत हुआ।
खंड 3 स्वीकृत हुआ।
खंड 4 स्वीकृत हुआ।
खंड 5 स्वीकृत हुआ।
खंड 6 स्वीकृत हुआ।
खंड 7 स्वीकृत हुआ।
खंड 8 स्वीकृत हुआ।
खंड 9 से 12 स्वीकृत हुए।
खंड 13 से 15 स्वीकृत हुए।
खंड 16 से 25 स्वीकृत हुए।

खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा विधेयक को पारित करने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित हुआ।

रात्रि 9.45 बजे

(लोक सभा शुक्रवार, 18 सितम्बर, 2020 के अपराह्न 3.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

स्नेहलता श्रीवास्तव
महासचिव

लोक सभा

समाचार - भाग 1

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृतांत)

शुक्रवार, 18 सितम्बर, 2020/27 भाद्रपद, 1942 (शक)

संख्या 85

अपराह्न 3.01 बजे

1. सभा पटल पर रखे गए पत्र

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने महिला और बाल विकास मंत्री; तथा वस्त्र मंत्री (श्रीमती स्मृति जूबिन ईरानी) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे -

(1) (एक) अहमदाबाद टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज रिसर्च एसोसिएशन, अहमदाबाद के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) अहमदाबाद टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज रिसर्च एसोसिएशन, अहमदाबाद के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) (एक) केन्द्रीय रेशम बोर्ड, बेंगलुरू के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) केन्द्रीय रेशम बोर्ड, बेंगलुरू के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखा-परीक्षा प्रतिवेदन।

(तीन) केन्द्रीय रेशम बोर्ड, बेंगलुरू के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) (एक) एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैण्डीक्राफ्ट्स, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैण्डीक्राफ्ट्स, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(6) उपर्युक्त (5) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(7) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(8) उपर्युक्त (7) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री; विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री; तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (डॉ. हर्ष वर्धन) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे -

(1) (एक) इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज, मुंबई के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज, मुंबई के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 की धारा 34 के अंतर्गत गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) (छमाही प्रशिक्षण) संशोधन नियम, 2020 जो 29 जून, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 419(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री; सूचना और प्रसारण मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री (श्री प्रकाश जावड़ेकर) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे -

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, मुंबई के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, मुंबई का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) (एक) प्रसार भारती, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) प्रसार भारती, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) (एक) फिल्म एण्ड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) फिल्म एण्ड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(6) उपर्युक्त (5) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(7) (एक) प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(8) उपर्युक्त (7) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने

वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(9) (एक) नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(10) उपर्युक्त (9) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); तथा रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद येसो नाईक) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे -

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) इंडियन मेडिसीन्स फार्मास्युटिकल कार्पोरेशन लिमिटेड, अल्मोड़ा के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) इंडियन मेडिसीन्स फार्मास्युटिकल कार्पोरेशन लिमिटेड, अल्मोड़ा का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राज कुमार सिंह) की ओर से संविधान के अनुच्छेद 151(1) के अंतर्गत मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक - संघ सरकार (वाणिज्यिक) (2020 का संख्यांक 9) - पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा पारेषण परियोजनाओं के नियोजन और क्रियान्वयन संबंधी निष्पादन लेखा-परीक्षा प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अश्विनी कुमार चौबे) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे -

(1) (एक) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायबरेली के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायबरेली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) (एक) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) (एक) पॉपुलेशन रिसर्च सेंटर (मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय), उदयपुर के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) पॉपुलेशन रिसर्च सेंटर (मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय), उदयपुर के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(6) उपर्युक्त (5) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(7) राष्ट्रीय आरोग्य निधि, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(8) उपर्युक्त (7) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने महिला और बाल विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (सुश्री देबाश्री चौधरी) की ओर से लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 45 की उप-धारा (3) के अंतर्गत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियम, 2020 जो 9 मार्च, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा॰का॰नि॰ 165(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

वित्त मंत्री तथा कारपोरेट कार्य मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारमण) ने सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अंतर्गत अधिसूचना संख्या 34/2020-सीमा-शुल्क, दिनांक 17 सितंबर, 2020 जिसके द्वारा दिनांक

30.06.2017 की अधिसूचना संख्या 50/2017-सी.शु. में कतिपय संशोधन किए गए हैं ताकि दिनांक 18.09.2020 से 31.10.2020 की अवधि तक दोनों मामलों में, संयुक्त राज्य अमरीका से इतर देशों में उद्भूत या वहां से निर्यातित लेंटिल्स (मसूर) पर आयात शुल्क को 30% से घटाकर 10% किया जाए और संयुक्त राज्य अमरीका में उद्भूत या वहां से निर्यातित लेंटिल्स (मसूर) पर आयात शुल्क को 50% से घटाकर 30% किया जाए, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन सभा पटल पर रखे।

2. प्रश्न

चूंकि वर्तमान सत्र अर्थात 17वीं लोक सभा के चौथे सत्र में तारांकित प्रश्नों की सूची की व्यवस्था को समाप्त किया गया है इसलिए अतारांकित प्रश्न संख्या 921-1150 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

3. राज्य सभा से संदेश

महासचिव ने राज्य सभा से प्राप्त इस संदेश की सूचना दी कि राज्य सभा 16 सितम्बर, 2020 को हुई अपनी बैठक में लोक सभा द्वारा यथापारित आयुर्वेद शिक्षण और अनुसंधान संस्थान विधेयक, 2020 से बिना किसी संशोधन के सहमत हुई।

4. वाणिज्य संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन

महासचिव ने कृषि तथा समुद्री उत्पाद, बागानी फसलें, हल्दी और कॅयर का निर्यात विषय के संबंध में वाणिज्य संबंधी स्थायी समिति का 154वां प्रतिवेदन* (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

---

* प्रतिवेदन, 26 अगस्त, 2020, जब सभा का सत्र नहीं चल रहा था, को माननीय सभापति, राज्य सभा को प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन की एक प्रति माननीय लोक सभा अध्यक्ष को भी अग्रेषित की गई।

5. कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन

महासचिव ने कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन[@] (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखे:-

(1) 'कतिपय राजस्व तथा बैंकिंग संस्थानों और चयनित सीपीएसई में सतर्कता प्रशासन की प्रभावकारिता' के बारे में 102वां प्रतिवेदन।

(2) 'वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल न्यायालयों/न्यायालयों की कार्यवाही का कार्यकरण- अंतरिम प्रतिवेदन' के बारे में 103वां प्रतिवेदन।

(3) कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2020-21) के संबंध में समिति के 100वें प्रतिवेदन पर की-गई-कार्रवाई के बारे में 104वां प्रतिवेदन।

(4) विधि और न्याय मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2020-21) के संबंध में समिति के 101वें प्रतिवेदन पर की-गई-कार्रवाई के बारे में 105वां प्रतिवेदन।

6. मंत्रियों द्वारा वक्तव्य

(1) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री; सूचना और प्रसारण मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री (श्री प्रकाश जावड़ेकर) ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2019-20) के बारे में सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के दूसरे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

(2) संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर तेली) की ओर से निम्नलिखित के बारे में विवरण पत्र सभा पटल पर रखे -

(1) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय से संबंधित 'अनुदानों की मांगों' (2019-20) के बारे में कृषि संबंधी स्थायी समिति के 7वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(2) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय से संबंधित 'अनुदानों की मांगों' (2020-21) के बारे में कृषि संबंधी स्थायी समिति के 13 प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति।

[@] प्रतिवेदन सभापति, राज्य सभा के निदेशों के निदेश 30(i) के अंतर्गत 11 सितम्बर, 2020, जब सभा का सत्र नहीं चल रहा था, को माननीय सभापति को प्रस्तुत किया गया तथा माननीय सभापति ने निदेश 30(ii) के अंतर्गत इन प्रतिवेदनों के प्रकाशन और परिचालन की अनुमति दी। प्रतिवेदन उसी दिन लोक सभा सचिवालय को भी अग्रेषित किए गए।

अपराह्न 3.07 बजे

7. सरकारी विधेयक - पुरःस्थापित

कराधान और अन्य विधियां (कतिपय उपबंधों का शिथिलीकरण और संशोधन) विधेयक, 2020

डॉ. शशि थरूर, एडवोकेट ए.एम. आरिफ, श्री अधीर रंजन चौधरी, प्रो. सौगत राय और श्री मनीश तिवारी ने विधेयक को पेश किए जाने का विरोध किया और मंत्री से स्पष्टीकरण मांगे।

वित्त मंत्री तथा कारपोरेट कार्य मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारमण) और वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर) ने सदस्यों द्वारा पूछे गए स्पष्टीकारक प्रश्नों के उत्तर दिए।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(लोक सभा अपराह्न 3.49 बजे स्थगित हुई और अपराह्न 4.20 बजे पुनः समवेत हुई)

अपराह्न 4.20 बजे

विधेयक पुरःस्थापित किया गया।

8. अध्यादेश के बारे में विवरण - सभा पटल पर रखा गया

कराधान और अन्य विधियां (कतिपय उपबंधों की छूट) अध्यादेश, 2020 (2020 का संख्यांक 2) के प्रख्यापन द्वारा तत्काल विधान बनाए जाने के कारणों को दर्शाने वाला व्याख्यात्मक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा गया।

अपराह्न 4.21 बजे

9. नियम 377 के अधीन मामले

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे-

(1) श्री सुनील कुमार सोनी द्वारा छत्तीसगढ़, रायपुर स्थित कुष्ठ अनुसंधान संस्थान के ऑपरेशन थियेटर को विकसित किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

(2) श्री एम. के. राघवन द्वारा चालियम स्थित निर्देश परियोजना को रोकने के बारे में ।

(3) श्री हिबी ईडन द्वारा पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना 2020 के प्रारूप के बारे में ।

(4) श्री राजमोहन उन्नीथन द्वारा केरल के कासरगोड जिले में एम्स की स्थापना किए जाने के बारे में ।

(5) श्री एस.आर. पार्थिबन द्वारा 'तमिलनाडु रक्षा औद्योगिक गलियारे' की स्थापना के लिए निधियों के आवंटन के बारे में ।

(6) श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी द्वारा काणिगिरि में एक केंद्रीय विद्यालय, दारसी में एक नवोदय विद्यालय और कम्बम में एक सैनिक स्कूल को मंजूरी दिए जाने के बारे में ।

(7) श्री राहुल रमेश शेवाले द्वारा बीएआरसी के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों के कथित उत्पीड़न के बारे में ।

अपराह्न 4.22 बजे

10. वर्ष 2020-21 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगें - पहला बैच और वर्ष 2016-17 के लिए अतिरिक्त अनुदानों की मांगें

लिया गया समयः 4 घंटे 38 मिनट

कार्य की निम्नलिखित मदों पर एकसाथ चर्चा की गईः-

(एक) वर्ष 2020-21 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगें - पहले बैच के संबंध में अनुदानों की अनुपूरक मांग संख्या 1, 2, 4, 5, 7 से 9, 14 से 16, 18, 20, 23 से 27, 29, 32, 34, 39 से 44, 48, 51 से 53, 57, 59, 61, 63, 65, 67, 70, 71, 73, 75, 76, 83 से 88, 92, 94, 95, 97, 98, 100 और 101 ।

(दो) वर्ष 2016-17 के लिए अतिरिक्त अनुदानों की मांग संख्या 13, 21 और 23 ।

सभापति ने कटौती प्रस्ताव पेश करने के संबंध में [#]घोषणा की।

कोई कटौती प्रस्ताव पेश नहीं किया गया।

निम्नलिखित सदस्यों ने संयुक्त वाद-विवाद में भाग लियाः-

1. [$]श्री जयंत सिन्हा

(व्यवधान के कारण लोक सभा अपराह्न 4.26 बजे स्थगित हुई और अपराह्न 5.00 बजे पुनः समवेत हुई)

अपराह्न 5.00 बजे

(व्यवधान के कारण सभा अपराह्न 5.01 बजे स्थगित हुई और अपराह्न 5.30 बजे पुनः समवेत हुई)

अपराह्न 5.30 बजे

(सतत व्यवधान के कारण सभा अपराह्न 5.31 बजे स्थगित हुई और सायं 6.00 बजे पुनः समवेत हुई)

[#] मूल हिन्दी में। विवरण के लिए इस दिन का वाद-विवाद देखें।

[$] सायं 6.14 बजे उन्होंने अपना भाषण पुनः प्रारंभ किया।

सायं 6.00 बजे

अध्यक्ष ने सदन की मर्यादा और गरिमा बनाए रखने के बारे में टिप्पणी* की।

उन्होंने अनुदानों की अनुपूरक मांगों और अतिरिक्त अनुदानों की मांगों की सूची की प्रतियों की उपलब्धता के बारे में भी टिप्पणी** की।

2. श्री अधीर रंजन चौधरी
3. श्री दयानिधि मारन
4. प्रो. सौगत राय
5. #डॉ. टी. सुमति (ए) तामिझाची थंगापंडियन
6. #डॉ. कलानिधि वीरास्वामी
7. #श्री सप्तगिरी शंकर उलाका
8. श्री पी.वी. मिधुन रेड्डी
9. श्री अरविन्द सावंत
10. श्री रामप्रीत मंडल
11. श्री भर्तृहरि महताब
12. श्री रितेश पाण्डेय
13. श्री मोहम्मद फैजल पी.पी.
14. श्री नामा नागेश्वर राव
15. #श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर
16. #डॉ. हिना विजयकुमार गावीत
17. श्री सुनील कुमार सिंह
18. #श्रीमती एस. जोतिमणि
19. श्री गौरव गोगोई
20. श्री जयदेव गल्ला
21. श्री ई.टी. मोहम्मद बशीर
22. एडवोकेट ए.एम. आरिफ
23. श्रीमती अनुप्रिया पटेल
24. #श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल
25. डॉ. मोहम्मद जावेद
26. श्री निहाल चन्द चौहान
27. श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन

---

* मूल हिन्दी में। विवरण के लिए इस दिन का वाद-विवाद देखें।

** सायं 6.14 बजे की गई। मूल हिन्दी में। विवरण के लिए इस दिन का वाद-विवाद देखें।

लिखित भाषण सभा पटल पर रखे गए।

28. श्री भगवंत मान
29. #श्री जगदम्बिका पाल
30. श्री श्रीरंग आप्पा बारणे
31. श्री डी.के. सुरेश
32. कुंवर दानिश अली
33. #श्री मलूक नागर

श्रीमती निर्मला सीतारमण ने वाद-विवाद का उत्तर दिया।

वर्ष 2020-21 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगें - पहले बैच के सभी अनुदानों की अनुपूरक मांग संख्या 1, 2, 4, 5, 7 से 9, 14 से 16, 18, 20, 23 से 27, 29, 32, 34, 39 से 44, 48, 51 से 53, 57, 59, 61, 63, 65, 67, 70, 71, 73, 75, 76, 83 से 88, 92, 94, 95, 97, 98, 100 और 101 (राजस्व लेखा और पूंजी लेखा दोनों) की मुद्रित सूची के स्तम्भ 3 के अंतर्गत दर्शायी गई राशियों के लिए पूरी-पूरी स्वीकृत हुई।

वर्ष 2016-17 के लिए सभी अतिरिक्त अनुदानों की मांग संख्या 13, 21 और 23 (राजस्व लेखा और पूंजी लेखा दोनों) की अतिरिक्त अनुदानों की मांगों की मुद्रित सूची के स्तम्भ 3 के अंतर्गत दर्शायी गई राशियों के लिए पूरी-पूरी स्वीकृत हुई।

रात्रि 10.30 बजे

11. सरकारी विधेयक - पुरःस्थापित

विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2020

12. सरकारी विधेयक - पारित

विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2020

श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा विधेयक पर विचार के लिए पेश किया गया प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पर खंडवार चर्चा आरंभ हुई।

खंड 2 और 3 स्वीकृत हुए।
अनुसूची स्वीकृत हुई।

खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा विधेयक को पारित करने का प्रस्ताव पेश किया गया।

लिखित भाषण सभा पटल पर रखे गए।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित हुआ।

रात्रि 10.33 बजे

13. सरकारी विधेयक - पुरःस्थापित

विनियोग (संख्यांक 3) विधेयक, 2020

14. सरकारी विधेयक - पारित

विनियोग (संख्यांक 3) विधेयक, 2020

श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा विधेयक पर विचार के लिए पेश किया गया प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पर खंडवार चर्चा आरंभ हुई।

खंड 2 और 3 स्वीकृत हुए।
अनुसूची स्वीकृत हुई।

खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा विधेयक को पारित करने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित हुआ।

रात्रि 10.34 बजे

(लोक सभा शनिवार, 19 सितम्बर, 2020 के अपराह्न 3.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

स्नेहलता श्रीवास्तव
महासचिव

लोक सभा

समाचार - भाग 1

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृतांत)

शनिवार, 19 सितम्बर, 2020/28 भाद्रपद, 1942 (शक)

संख्या 86

अपराहन 3.00 बजे

1. सभा पटल पर रखे गए पत्र

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने श्रम और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री संतोष कुमार गंगवार) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे -

(1) कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, नई दिल्ली के वर्ष 2017-2018 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) कर्मचारी भविष्य-निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 की धारा 7 की उप-धारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) कर्मचारी भविष्य-निधि (संशोधन) योजना, 2020 जो 28 मार्च, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा॰ का॰ नि॰ 225 (अ) में प्रकाशित हुई थी।

(दो) का॰ आ॰ 1513(अ) जो 18 मई, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा दिनांक 7 अप्रैल, 1997 की अधिसूचना संख्या सा॰ का॰ नि॰ 320 (अ) में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

